# वेदांता ने खेल प्रतिभाओं को दिए सुनहरे अवसर

**राष्ट्रीय खेल दिवस** के अवसर पर वेदांता ग्रुप ने वित्त वर्ष 2025-26 में अपनी खेल पहलों के जरिए 3 लाख लोगों तक पहुंच बनाने की जानकारी दी। समूह की खेल पहल 13 राज्यों में करीब 20 कार्यक्रमों के माध्यम से फुटबॉल, तीरंदाजी, हॉकी, पैडल और मैराथन जैसे खेलों को बढ़ावा दे रही हैं। जमीनी स्तर पर नियमित प्रशिक्षण, बेहतर सुविधाओं और प्रतियोगिताओं के माध्यम से उभरती खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने के अवसर दिए जा रहे हैं। 2026 में कलिंगा लांसर्स ने हॉकी इंडिया लीग का खिताब जीता, जबकि वेदांता



लेपर्ड्स व वेदांता वॉरियर्स पेशेवर पैडल लीग में हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही #RunForZeroHunger अभियान के तहत 2022 से 2.2 करोड़ से अधिक भोजन उपलब्ध कराने में मदद की गई है।